## शराब पीती थी पत्नी तो पति ने पीट-पीट कर उतार दिया मौत के घाट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देश भर में पतियों के मारे जाने की खबरों के बीच छिंदवाड़ा के लावाघोघरी थाना क्षेत्र के गांव से पति द्वारा पत्नी को मौत के घाट उतारने की खबर आ रही है। धगड़िया माल गांव में रहने वाले रितुलाल मर्सकोले उम्र 32 साल ने अपनी पत्नी सुनीता मर्सकोले उम्र 30 साल को डंडों से इतना पीटा की सुनीता की मौत हो गई।

### आरोपी पति गिरफ्तार

दरअसल रितुलाल शराब नहीं पीता था लेकिन उसकी पत्नी सुनीता शराब की आदि थी। बीती दिन सुनीता को शराब पीते देख रितुलाल ने मना किया, इस बात पर विवाद हुआ और रितुलाल के डंडों की मार से सुनीता मौके पर ही दम तोड़ गई। घटना की सूचना गांव के कोटवार ने पुलिस को दी।

पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता द्वारा गंभीर प्रकृति के अपराधों को तत्काल त्वरित कार्यवाही करने एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) राजेश बंजारे के नेतत्त्व में लवाघोघरी थाना प्रभारी सी.एल. उईके द्वारा मामले के आरोपी की गिरफ्तारी पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित की गई।

मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर आरोपी रिंतुलाल पिता जंगलसिंह निवासी धगडियामाल को तत्काल दबिश घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी से घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ की गई आरोपी ने अपनी पत्नी सुनिता बाई को शराब पीने से मना करने की बात को लेकर हत्या करने की नियत से डंडे से मारपीट की है, जिससे मृतिका सुनीता की मौत हो गई।

आरोपी को विधिवत दिनांक 12/06ध्25 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सी.एल. उईके, सहायक उप निरीक्षक बी.एस. रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक गुणवंत पवार, प्रधान आरक्षक 206 लवसिंह रघुवंशी, आरक्षक् 588 नवीन बोपचे, आरक्षक 805 प्रकाश दहीकर की अहम भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

## प्लास्टिक उन्मूलन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

### छिन्दवाड़ा नगर निगम स्वच्छता अभियान में महापौर के निर्देश पर दिलाई गई शपथ




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महापौर विक्रम अहाके एवं आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशन में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा एवं सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट की टीम द्वारा 13 जून को विभिन्न वार्डों में स्वच्छता और प्लास्टिक उन्मूलन को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

हर दुकान दस्तक अभियान-सिंगल-यूज प्लास्टिक पर रोक की पहल

वार्ड क्रमांक 29 के बुधवारी बाजार और पुराना छापाखाना क्षेत्रों में व्यापारियों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताए गए। टीम द्वारा दुकानदारों से आग्रह किया गया कि वे प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाएं। और ग्राहकों को कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें

स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं

स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त छिंदवाड़ा की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

हर घर दस्तक अभियान-लोगों को घर-घर जाकर किया जागरूक

वार्ड क्रमांक 5, 7, 8, 11 और 12 में घर-घर दस्तक देकर नागरिकों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन तथा पर्यावरण सरंक्षण की जानकारी दी गई। टीम द्वारा विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर फोकस किया गया-

गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण, सेनेटरी वेस्ट एवं घरेलू हानिकारक कचरे का सुरक्षित निपटान के तहत पुराने कपड़े एकत्र कर जरूरतमंदों को वितरित करना

होम कंपोस्टिंग की विधि-स्वच्छता महुआ ऐप का उपयोग करना

नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और फीडबैक फॉर्म भी भरवाए गए। रहवासियों ने इस पहल का खुले दिल से स्वागत किया।

विशेष सफाई अभियान- शहीद मेजर अमित ठेंगें स्मारक पर साफ सफाई

वार्ड क्रमांक 43 के शहीद स्मारक चौक मानसरोवर कॉम्प्लेक्स में टीम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल स्मारक की स्वच्छता सुनिश्चित करना थाए बल्कि लोगों को राष्ट्रीय स्मारकों के प्रति सम्मान और सफाई के प्रति सजगता का संदेश देना भी था।

## सार-समाचार

### भाजपा ने दी हवाई दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में अहमदाबाद हवाई जहाज दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान दुर्घटना में बड़ी संख्या में भाई.बहनों की दुखद मृत्यु बहुत ही असहनीय है और इससे हम स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी की तरफसे सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस कठिन समय में पूरा भाजपा परिवार पीड़ित परिवारों के साथ है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, भाजपा नेता विजय पांडे, संजय पटेल, धर्मेन्द्र मिगलानी, गुरजीत सिंह शंटी बेदी, श्रीमती गरिमा दामोदर, योगेन्द्र राणा, दिवाकर सदारंग, अलकेश लाम्बा, भारत घई, राजेश बैस, चन्द्रभान देवरे, संजीव रंगू यादव, संदीप सिंह चौहान, जगदीश गोदरे, लोकेश डेहरिया, श्रीमती शिवानी सक्सेना, माइकल पहाड़े, श्रीमती शोभना संतोष राय, श्रीमती कविता शिव मालवी, दिन्शु यादव, विजेन्द्र चौहान, अनीष पटेल, शैलेन्द्र मालवी, दिनेश मालवी, अमरसिंह मरावी, बबलू पराते, श्रीमती प्रीति बिसेन, श्रीमती दीपिका सल्लामे, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती श्रद्धा जैन, सुश्री हेमा क्षेत्री, श्रीमती वंदना विश्वकर्मा, कृपाशंकर सूर्यवंशी, बंटी सक्सेना, प्रतीक दामोदर, अभिषेक वर्मा, अधीर वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### सेवा संकल्प सोसायटी ने आदिवासी संग्रहलय में किया पौधरोपण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सामाजिक क्षेत्र में निरंतर कार्य करने वाली अग्रणी सामाजिक संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बादल भोई आदिवासी संग्रहालय में सपना सोनी के जन्मदिवस पर एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत औषधीय एवम फलदार पौधों को लगाया गया संस्था सचिव संदीप अग्निहोत्री ने एक पेड़ मां के नाम एवं संकल्प वाटिका निर्माण पर सभी से चर्चा की एवं जहां पौधा लगा रहे है उसे संरक्षित भी करेंगे यह बात कही इस अवसर पर संकल्प सोसाइटी के अध्यक्ष समाजसेवी डॉ. चन्द्रकांत विश्वकर्मा ने सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। सुश्री आराधना शुक्ला ने पौधे के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण पर अपनी बात कही एवं निरंतर सेवा संकल्प सोसाइटी द्वारा पौधारोपण करने हेतु सभी से आग्रह किया।

इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ विजय बहादुर वर्मा, प्रवक्ता डॉ. डी.एस. चौर, एडवोकेट मुकेश दीक्षित, डॉ. मीरा पराड़कर, अलका शुक्ला, अनीता रघुवंशी, उर्मिला सिंह, दीक्षा बिसेन, सकुन वर्मा, भावना बनारसे, सपना सोनी, कविता, संस्था अध्यक्ष समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा, आराधना शुक्ला, संदीप अग्निहोत्री आदि सदस्य उपस्थित रहे अंत में कार्यक्रम का आभार डाण्डी एस चौरे ने किया ।

## शॉट सर्किट से चौरई बस स्टैंड के ठेले में लगी आग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बीती रात छिंदवाड़ा जिले की चौरई विधानसभा में एक दुकान में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। यह आग चौरई बस स्टैंड पर स्थित एक पान ठेले से शुरू हुई जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



घटना की जानकारी मिलते ही चौरई थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। थाना प्रभारी जी.एस. उइके ने बताया कि आधी रात को बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों में आग लगने की सूचना मिली थी। तत्काल फोर्स और फायर ब्रिगेड को मौके पर भेजा गया। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर नियंत्रण पा लिया गया।

हालांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर इसे शॉर्ट सर्किट का मामला माना जा रहा है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है और आग लगने के वास्तविक कारणों की पड़ताल की जा रही है।

इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन पान ठेले सहित आसपास का सामान जलकर खाक हो गया। दुकान में कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन दुकानदार द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की तत्परता और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## किसान के हित में कांग्रेस पार्टी करेगी पूरे जिले में आंदोलन : गोविंद बजोलिया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गोविन्द बजोलिया ने प्रेस कांफ्रेस में बताया कि छिन्दवाडा जिले में किसान परेशान है। किसानों के हित में कोई कार्य नही हो रहे हैं। ये जो भ्रष्ट सरकार बैठी हुई है मध्यप्रदेश में, वहनिश्चित रूप से किसान विरोधी है। किसानों की हित में कार्य नही कर रही है।




जिस तरह की निर्णय मध्यप्रदेश सरकार ले रही है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि किसानों का भारी नुकसान हो रहा है जैस मूमफली खरीदी न हो, समर्थन मूल्य नही मिलना, समय पर खाद्य नही मिलना, बीज, डी.पी.ए. समय पर उपलब्ध न होना जिससे फसलों को नुकसान होगा।

एक, दो, चार एकड़ वाले किसान भाई को भारी नुकसान होगा। जो खाद्य बीज उपलब्ध हो रहे है जिसकी ब्लैक मार्केटिंग चल रही है भारी दामों पर गरीब किसानों को बेचा जा रहा है। जिले का किसान चाहे चौरई हो, बिछुआ हो, चांद हो, अमरवाडा हो, सौसर हो, चिलचिलाती धूम में किसान खाद्य बीज के लिये सहकारी समितियों में लाइन लगा रहा है।

दिन भर लाइन लगाने के बाद उनकों एक.दो बोरी खाद्य, डी.पी.ए. मिलता है। जिसके उस किसान की पूर्ति नही हो पाती है। भारतीय जनता पाटी के कुछ नेता सहकारी समितियों में बैठ कर अपने लोंगो को लाभ पहुचा रहे है। ये टोटल किसानों की हित में नही है सरकार को चाहिये की खाद्य बीज प्रत्येक समिति को पहुचकार कर इनकी मोनेटरिंग करें। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इस छिन्दवाड़ा जिले में कोई भी माई बाप नही है।

समझ में नही आ रहा है कैसे निपटा जाये जो समस्या को अम्बार लगा हुआ है जो जनप्रतिनिधि चुनकर आये है उनके जिम्मेवारी, दायित्व बनता है कि किसानों की हित में काम करें किसानों समय पर खाद्य, बीच उचित दाम पर मिल पाये शासन, प्रशासन, समितियां को टाइट करते हुये समय पर सारी सुविधा उपलब्ध हो ये सारी भष्टाचारी का आलम छिन्दवाडा जिले में बना हुआ है।

आपके देखेगें इसके पूर्व में भी कमलनाथ, नकूलनाथ इस जिले मे रहे है मध्यप्रदेश में अगर खाद्य बीज की कमी हुई लेकिन छिन्दवाड़ा जिले कभी खाद्य बीज की कमी होने नही दिया। शासन से अनुरोध है कि जिले मे खाद्य बीज, की समस्या का जल्द से जल्द निवारण किया जाये अन्यथा काग्रेस पाटी पूरी जिले में नकुलनाथ के नेतत्व में एक बडा आंदोलन किया जावेगा जिसकी समस्त जबावदारी शासन प्रषासन की होगी ।

## संत दादा गुरू के निराहारी 1700 दिन पूरे होने पर पौधारोपण

**बिछुआ देशबन्धु।** श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान बिछुआ के द्वारा अवधूत सिद्ध महायोगी संत दादा गुरु के निराहारी संकल्प के 1700 दिन पूर्ण होने पर प्रकृति को बचाने के लिए पौधारोपण किया गया।

गणेश मंदिर बिछुआ के महंत महामंडलेश्वर डॉ. वैभव अलोणी ने बताया की 17 फलदार एवं छायादार पौधें रोपित किए गए। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष संजय चिंचोले, आनंद बक्षी, राजेश रघुवंशी आदि थे।

## दुष्कर्मी के खिलाफ मामला दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** तामिया थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम नाबालिग बच्ची के साथ दरिंदगी की घटना सामने आई है। पीड़िता और उसकी मां ने थाने पहुंचकर दो आरोपियों के खिलाफ सनसनीखेज खुलासा किया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर दी है। हालांकि देर रात तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी मोहित साहू पिता मनोज साहू ने करीब 4 महीने पहले फरवरी माह में नवरात्रि के दौरान उसे जंगल में ले जाकर जबरदस्ती बलात्कार किया। उस वक्त आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी जिससे वह डरकर चुप रही।

एक बार फिर 11 जून को शाम 5 बजे आरोपी मोहित अपने साथी मौसम साहू पिता कमलेश साहू के साथ पीड़िता को घर के सामने से जबरन कार में बैठाकर जंगल की ओर ले गया। वहां फिर से दुष्कर्म की कोशिश की गई। साथ ही पीड़िता से छेड़छाड़, मारपीट की गई और दोबारा जान से मारने की धमकी दी गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए तामिया थाना पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया। आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, एट्रोसिटी एक्ट सहित आईपीसी की कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## जुआ फड़ पर छापा, छह आरोपी गिरफ्तार, दो बाइक, पांच मोबाइल सहित ढाई लाख रुपए जब्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डेय व अति. पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) रवीन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में 13 जून 2025 को हमराह पुलिस स्टाफ के चौकी क्षेत्र में अपराध पातासाजी हेतु रवाना हुये थे जो मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शासकीय प्राथमिक शाला बडेगांव के सामने कुछ व्यक्ति हार जीत में पैसे का दांव लगाकर जुँआ खेल रहे हैं।

सूचना पर तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए रेड करने पर 06 आरोपीगण दीपक टेकरे, सुरेन्द्र टेकरे, आसिफ खान, रामकृष्ण टेकरे, बलकरन इनवाती एवं फूलभानशाह धुर्वे को मौके पर जुँआ खेलते हुये पकडा गया जिनके कब्जे से नगदी रकम 9590/- रुपये नगदी, 52 ताश के पत्ते, मोटरसायकल कावासाकी बॉक्सर क्रमांक एम.पी.-28-एफ 0789, मोटरसायकल हीरो स्पलेंडर क्रमांक एम.पी. 28-एम जे 2335, 05 नग मोबाईल, हिसाब किताब की एक कॉपी एवं नीले रंग का पेन इस प्रकार कुल संपत्ति करीबन 2,50,000/- रुपये की जप्त किया गया।

आरोपीगणओं के विरुद्ध धारा 13 जुँआ एक्ट का कृत्य पाये जाने पर अप क्र 477/2025 धारा 13 जुँआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपीगणों के द्वारा संज्ञेय अपराध घटित करने की संभावना पर उक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस का इस्तगासा तैयार कर न्यायालय तहसीलदार महो अमरवाडा पेश किया गया ।

गिरफ्तार आरोपी का नाम

दीपक पिता हरिप्रसाद टेकरे उम्र 27 साल, सुरेन्द्र पिता कुंवर सिंह टेकरे उम्र 48 साल, आसिफ पिता अमान खान उम्र 29 वर्ष, रामकृष्ण पिता धन्नालाल टेकरे उम्र 55 वर्ष, बलकरन पिता बाबूलाल इनवाती उम्र 38 वर्ष, सभी निवासी ग्राम बड़ेगांव, फुलभानशाह पिता धरमचंद धुर्वे उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ाछोटा चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरीक्षक पंकज राय, प्रधान आरक्षक रामदयाल, प्रधान आरक्षक सुजान बघेल, आरक्षक इकलेश उइके, आरक्षक उमाशंकर एवं आरक्षक पीयुष शामिल थे।

## जूनियर कबड्डी स्पर्धा हेतु जिला दल का चयन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के निर्देशन में नर्मदापुरम जोन कबड्डी संघ द्वारा जोन स्तरीय जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन 16 जून 2025 को टिमरनी में होगा।



जिला कबड्डी संघ द्वारा जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया का आयोजन स्टेडियम मैदान में किया गया। चयन प्रक्रिया में परासिया, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, सौसर, पांढुर्णा, मोहखेड़, बिछुआ, हर्रई सहित छिंदवाड़ा विकासखंड के लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त जोन स्तरीय जूनियर जिला दल मे 15 से 18 वर्ष तक के खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

चयन प्रक्रिया समिति द्वारा सुमित सनोडिया, उमाकांत सनोडिया, अरुण कावरेती छिंदवाडा, पीयूष कावरेती तामिया, आदित्य उपासक, अभिषेक शिंदे सौसर, सम्यक देशभृतार पांढुरना, अंकित धुर्वे, दुर्गेश भलावी, नागेश टीकम, विनय धुर्वे अमरवाड़ा, जोशवा मानुष छिंदवाड़ा का चयन जिला दल मे किया गया।

जिला दल कोच प्रीति सिंह मार्को, मैनेजर राहुल उइके नियुक्त किये गए। जिला दल में चयनित खिलाड़ियों को अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव, राकेश चौरसिया, रीतेश शुक्ला, कलशराम मर्सकोले, देवचंद सूर्यवंशी, नरेंद्र सूर्यवंशी, प्रफुल गायकवाड़ सहित पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## पश्चिम वन मंडल के सांवरी रेंज के अमले ने बढ़ईगिरी पर की बड़ी कार्रवाई

# भारी मात्रा में सागौन की सिल्लियां जब्त, आरोपी हिरासत में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वन मंडलाधिकारी एवं उप वन मंडलाधिकारी परासिया पश्चिम वन मंडल छिन्दवाड़ा के निर्देश पर वन परिक्षेत्राधिकारी सांवरी कीर्तिबाला गुप्ता द्वारा गठित टीम ने अवैध रूप से लकड़ी चिरान करने वाले बढ़इयों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में लकड़ी जप्त कर अपराध पंजीबद्ध किया है।

वन परिक्षेत्राधिकारी कीर्तिबाला गुप्ता ने बताया कि कल 12 जून 2025 को वन परिक्षेत्र सांवरी को सूचना प्राप्त हुई है कि गुबरैल निवासी कमलेश वल्द रामजी विश्वकर्मा अपने घर के पीछे गोठान के कोठे से बिना पंजीयन के अवैध रुप से व्याापारी बढ़ईगिरी का कार्य कुछ दिनों से कर रहा है। इस बावत् सांवरी परिक्षेत्र के स्टाफ द्वारा 12 जून 2025 को अचानक से कमलेश विश्वकर्मा के घर दबिश देकर मौका, अपराध पंजीबद्ध किया गया।

अपराधी कमलेश विश्वकर्मा परिजन सतीष विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा एवं सहयोगी द्वारका विष्वकर्मा द्वारा विभाग की जांच में सहयोग करने से इंकार किया गया। स्टाफ को कार्यवाही किए जाने से रोका गया। वनपरिक्षेत्र के स्टाफ के साथ अभद्र व्यहवार एवं अनैतिक भाषा का प्रयोग किया गया। 12 जून 2025 की दरमियानी मिली इमारती लकड़ी जप्त की जाकर पुनः द्वितीय दिवस 13 जून 2025 को उसके गाय गोठान में भी सर्च वारंट लेकर धरा पकड़ी गई। पुनः अवैध मात्रा में संग्रहित इमारती सागौन काष्ठ बरामद की गई। इस



प्रकार कुल 2.064 घन मीटर अवैध लट्ठे एवं चरपट सागौन जप्त किए गए।

अपराध का विवरण

म.प्र. काष्ठ चिरान विनियमन अधिनियम 1984 की धारा 2 (च) (छ), 10, 13 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

प्रकरण के दौरान की गई कार्यवाही

प्रकरण की सूचना प्राप्त होते ही वन संरक्षक मधु वी राज के निर्देशन, वनमंडलाधिकारी अमित निकम के मार्गदर्शन एवं एस.डी.ओ. परासिया बिजेन्द्र खोब्रागडे के आदेश पर परिक्षेत्र अधिकारी सांवरी कीर्तिबाला गुप्ता के नेतृत्व में वन वृत्त स्तरीय उड़नदस्ता के सहयोग से परिक्षेत्र स्तरीय टीम का गठन किया गया। दो दिवसीय हुई कार्यवाही में अवैध कटाई एवं बढ़ईगिरी में संलिप्त आरोपियों पर अंकुश लगाने हेतु सूचना के आधार पर रेड की कार्यवाही संपादित की जाते हुए 2.064 घ.मी. अवैध इमारती सगौन लकड़ी आरोपी कमलेष वल्द रामजी विश्वकर्मा साकिन गुबरैल के निवास से जप्त की गई। आरोपी बिना लाइसेंस के अपने घर से बढ़ईगिरी का कार्य संचालित कर रहा था। जप्त माल में निर्मित चौखट, पलंग, सोफा, टेबल इत्यादि भी जप्त किए गए। आरोपियों द्वारा प्रकरण में सहयोग करने से इंकार किया गया। प्रकरण कोर्ट में प्रस्तुतीकरण हेतु प्रक्रियाधीन है।

आरोपी का परिचय एवं इतिहास

हिस्ट्रीशीटर- कमलेश वल्द रामजी विश्वकर्मा उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी गुबरैल, सांवरी बाजार, जिला छिन्दवाड़ा आदतन अपराधी है जिसके ऊपर पूर्व से दो अपराध पंजीबद्ध है जिसमें वर्ष 2010 में पी.ओ.आर. प्रकरण क्रमांक 2203/65 दिनांक 05 मार्च 2010 एवं वर्ष 2012 में पी.ओ.आर. प्रकरण क्रमांक 2259/45 दिनांक 05 अप्रैल 2012 शामिल है।

परिक्षेत्र सहायक कमला पाटिल, उमंग वर्मा, पवन ढेपे, योगेश उईके, अजय शिवहरे, हरचंद सल्लाम, वनरक्षक भानू प्रताप बैस, श्याम जैन, ओमचंद डेहरिया, शाहिद खान, परसराम कुमरे, अरविंद टांडेकर, सौरभ सिंह चौहान, धनकुमार चौधरी, स्नेहा बेले, शैलेन्द्र वाड़ीवार, विकास भारती, सागरदास उदासी, कमलेश मालवीय, रामपत उईके, रविन्द्र सोनी, सुरेश भनारिया, चौखेलाल साहू, रजनी इवनाती, सविता पारसे, नरेश पवार, रमेश धुर्वे, तुलसीराम चौरे।

**सार-समाचार**

## अमरवाड़ा विधायक ने दिलाई छुआदेही-पौनार मार्ग निर्माण कार्य की स्वीकृति

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा के विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह के अथक प्रयासों से पौनार-छुआदेही पक्की सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

तदाशय की जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा ने बताया कि अमरवाड़ा विकासखंड में पौनार से छुआदेही



मार्ग निर्माण हेतु प्रदेश सरकार ने क्षेत्रीय विधायक कमलेश शाह के अनुरोध पर 6 करोड़ 75 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसका निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस सड़क निर्माण की मांग आम जनता द्वारा काफी लंबे समय से की जा रही थी।

जिला भाजपा महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष गणेश कंगाली, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लेखवती जघेला, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य उमा संतोष वर्मा, सरपंच देवेंद्र सिंह पटेल ने निर्माण कार्य की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद विवेक बंटी साहू, जिलाध्यक्ष शेषराव यादव का आभार व्यक्त किया है।

## प्रदेश सरकार की नीतियां हैं किसान विरोधी : कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार लगातार किसान विरोधी नीतियां बना रही है, सरकार को किसानों से विचार विमर्श कर किसान प्रतिनिधियों से मिलकर नीतियां बनानी चाहिये। चौधरी ने कहा कि कृषि विभाग के माध्यम से खरीफ फसल 2025 के लिये अभी तक विभाग को किसानों को बीज वितरित किये जाने हेतु आवंटन उपलब्ध नहीं कराया गया है, किसानों को सोसायटियों के माध्यम से नगद में खाद नहीं दिया जा रहा है। किसानों की मूँग खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं की जा रही है, नगरीय क्षेत्र के किसानों के कृषि पंपो में विद्युत मीटर लगाने के आदेश दिये गये हैं उसे तुरंत वापस लिया जाये। कृषि उपज मंडियों में भारी अव्यवस्थायें व्याप्त है, और किसानों का शोषण किया जाता है उनमें सुधार किया जाये और कृषि उपज मंडियो के चुनाव शीघ्र करवाये जायें ताकि वहॉ जनप्रतिनिधि रहेंगे।

## पुलिस ने बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का किया भंडाफोड़, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### विभिन्न राज्यों में छापेमारी में 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नकली कृषि रसायन ज़ब्त

**मुंबई।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है , जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 2 मई को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया।

यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकर्ताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है।

चेचानी पर आरोप है कि वह सात साल से भी ज़्यादा समय से इस तरह का एक जटिल अवैध व्यापार और अवैध नेटवर्क चला रहा है, जो भारत के 11 से ज़्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है। उसने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काम करने वाले सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क के ज़रिए प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई किए।

## खमारपानी में वीर शहीद कबीरदास उइके स्वागत द्वार का लोकार्पण



**बिछुआ, देशबन्धु।** देश के लिए प्राण न्यौछावर कर शहीद हुए बिछुआ विकासखण्ड के खमारपानी निवासी वीर शहीद कबीरदास उईके के नाम का एक भव्य गेटद्वार बनाया गया और एक रैली निकालकर उसगेट का भव्य लोकार्पण किया गया और वीर शहीद कबीरदास उईके अमर रहे अमर रहे के नारे लगाऐं गए, जब तक सूरज चांद रहेगा शहीद कबीरदास तेरा नाम रहेगा के भी जयघोष किए गए।

जनपद पंचायत बिछुआ के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमारपानी में वीर शहीद कबीरदास उईके की स्मृति एवं प्रथम पुण्यतिथि पर लगभग 6.92 लाख रूपये की लागत राशि से स्वागत द्वार का लोकार्पण किया गया। ज्ञात हो की वीर शहीद कबीरदास उईके पिछले साल 12 जून 2024 को आतंकवादी हमले में शहीद हुए थे, इसके उपरांत उनके निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं क्षेत्र के लोगों के द्वारा विशाल वाहन रैली निकाली गई जिसमें भारत माता की जय एवं कबीरदास उईके अमर रहे के नारे लगाए गए।

कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे, एवं विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा ने अपने संबोधन के माध्यम से वीर शहीद कबीरदास उईके को याद कर नमन किया। इस दौरान मुख्य रूप से जनपद पंचायत उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, मंडल अध्यक्ष गोपाल कवरेती, सरपंच अर्चना परतेती, सुरेश परतेती, वरिष्ठ नेता दशरथ साहू आदि उपस्थित थे

## कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मंशा है अब कार्यकर्ता ही चुनें अपना नेता : संजय कपूर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अहमदाबाद विमान हादसे के बाद कांग्रेस ने अपनी सम्पूर्ण बैठकों को स्थगित करते हुए कांग्रेस के पर्यवेक्षकों के दल ने उपस्थित समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ हादसे में दिवंगत जनों को सर्वप्रथम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरांत एआइसीसी व पीसीसी से आए पर्यवेक्षकों के दल ने दोनों ही विधानसभा के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत चर्चा की।

परासिया व जुन्नारदेव विधानसभा के उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चा के दौरान पर्यवेक्षकों के दल ने संगठन की नब्ज टटोलते हुए कहा कि यहां बूथ स्तर तक पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय है। कमलनाथ एवं नकुलनाथ की सक्रियता संगठन में साफ नजर आ रही है।

इतनी बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण है। विधानसभा व लोकसभा चुनाव के उपरांत निर्मित सम्पूर्ण विपरित परिस्थितियों में भी जो कांग्रेस के साथ खड़ा है वही कांग्रेस की सबसे मजबूत नींव है। अंग्रेजों से लम्बे संघर्ष के बाद देश को आजाद



कराने वाली पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी सच्चा देशभक्त है।

उपस्थित कांग्रेसजन में जोश भरते हुए पर्यवेक्षकों के दल ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का हैए हमें सिर्फ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। जो कमियां सामने आएंगी उन्हें अविलम्ब दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भी दौरे होते रहेंगे। संगठन को और अधिक सशक्त करने हेतु जो आवश्यक कदम उठाने होंगे वे उठाए जाएंगे।

परासिया व जुन्नारदेव विधानसभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत चर्चा के दौरान एआइसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक संजय कपूर ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि राहुल गांधी की मंशा है कि अब कार्यकर्ता ही नेता चुनें, पहले नेता कार्यकर्ता चुनते थे, इस पर विराम लग चुका है।

उन्होंने आगे कहा कि अब पद किसी पर थोपा नहीं जाएगा। संगठन को समय देने वाले, सक्षम, संगठन की समझ व अनुभव रखने वाले पदाधिकारी अथवा कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। ऐसा इसीलिये क्योंकि जिनके पास समय होगा वे ही संगठन को समय दे पाएंगे, संगठन को चलाने के लिए अनुभव की नितांत आवश्यकता होगी साथ ही सक्षमता भी आवश्यक है।

इस दौरान पीसीसी से पर्यवेक्षक सुरेन्द्र चौधरी, सुनील जायसवाल व अभिनव ढिमोले ने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत बारी.बारी से चर्चा की। इस दौरान बड़ी संख्या में परासिया व जुन्नारदेव विधानसभा के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## शिक्षा व जनजाति कार्य विभाग की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। यह बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल,



डी.पी.सी. जगदीश इड़पाचे, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक संचालक उमेश सातनकर, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) एपीसी, बीआरसी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**जर्जर भवनों की सूची तैयार करने के निर्देश**

प्रभारी कलेक्टर श्री कुमार ने जिले के असुरक्षित एवं जर्जर भवनों, कक्षों में संचालित स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थाओं की सूची शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्च जोखिम वाले भवनों में संचालित स्कूलों का स्थानांतरण शीघ्र सुरक्षित भवनों, कक्षों में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

कम नामांकन एवं परीक्षा परिणामों की समीक्षा, लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

प्रभारी कलेक्टर श्री कुमार ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कक्षा 9वीं के नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि जुन्नारदेव, तामिया एवं हर्रई विकासखंड के अंतर्गत संचालित विद्यालयों द्वारा 50 प्रतिशत से कम नामांकन किये गये हैं, जिस पर प्रभारी कलेक्टर श्री कुमार ने नाराजगी व्यक्त की एवं उन्होंने संबंधित विकासखंडों के बीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं वर्ष 2024-25 की कक्षा 10वीं की सीबीएसई परीक्षा में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा एवं जुन्नारदेव का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाए जाने पर इन संस्थानों के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा

इसके प्रभारी कलेक्टर श्री कुमार ने एमपी टास छात्रवृत्ति योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही लंबित शिकायतों, व्यावसायिक शिक्षा की स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सरपंच पति ने ग्राम पंचायत नरसला में लगाया ताला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के जनपद पंचायत मोहखेड़ की ग्राम पंचायत नरसला में विगत 15 दिवस से पंचायत बंद है ग्राम पंचायत के ग्रामवासी एवं सरपंच पति चंपालाल चंद्रवंशी ने बताया कि सचिव एवं रोजगार सहायक पंचायत में नहीं आ रहे और मुझे पंचायत की कोई जानकारी मुझे नहीं दे रहे रोजगार गारंटी हो या खेत तालाब योजना हो, पिछले छै माह से पंचायत में कोई भी कार्य नहीं हो रहा है फर्जी मस्टर रोल निकाले जा रहे हैं। बाउंड्री वॉल भी अधूरी पड़ी है। इंजीनियर और पंचायत इंस्पेक्टर को भी इस बात से अवगत कराया है लेकिन किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई। पंचायत बंद होने से गांव के लोग भी परेशान हैं। इसलिए मैंने पंचायत में ताला लगा दिया है।

सचिव महेन्द्र भावरकर का कहना है हमारे ऊपर गलत काम दबाव बनाया जा रहा है हम सरपंच पति को क्यों जानकारी दे सरपंच पति पंचायत के काम हस्ताक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

## एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू की परीक्षा प्रारंभ, निरीक्षण जारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य में एमएसडब्ल्यू एवं बी एस डब्लू की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया जा रहा है। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत एम एस डब्ल्यू और बी एस डब्ल्यू की परीक्षाओं का आयोजन 10 जून से प्रारंभ की गई है।

जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने बताया कि जिला छिंदवाड़ा में प्रत्येक विकास खंड केंद्र में परीक्षा का आयोजन केंद्राध्यक्ष की निगरानी में परीक्षा का संचालन नियमानुसार किया जा रहा है। जिले में एम एस डब्ल्यू और बी एस डब्ल्यू की परीक्षा में लगभग 1900 छात्र छात्राएं शामिल हो रहे है। जिले में परीक्षाओं का संचालन एवं निरीक्षण विश्व विद्यालय की फ्लाइंग स्कॉट टीम के प्रतिनिधि एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ;योजना आर्थिक एवं सांख्यकीय विभाग मध्यप्रदेश शासनद्ध विकास खण्ड समन्वयको के द्वारा सतत् निगरानी की जा रही है। जिला स्तर पर परीक्षा निरीक्षण भी सतत् रूप से किया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय के द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं पर संतुष्टि तथा परीक्षा शाँति पूर्वक संचालित कराने पर संतोष व्यक्त किया गया है।

जन अभियान परिषद द्वारा सम्पूर्ण परीक्षा कार्यक्रम में सहयोग करने वाले महाविद्यालयीन प्रबंधन/प्राचार्य एवं स्कूल प्रबंधन/प्राचार्य के सहयोग एवं नियंत्रण पर प्रसन्नता व्यक्त की है तथा आगे की परीक्षाओं में भी इसी तरह की निष्पक्षता और शाँति पूर्वक आयोजन के लिए अपेक्षा की है।

बता दें कि जन अभियान परिषद के द्वारा समय समय पर इस तरह की परीक्षाऐं ली जाती है इसके पश्चात लगातार जनहित के कार्य किए जाते है जिसकी प्रशंसा हो रही है।

